प्रस्तावना

केन्द्रीय रेशम बोर्ड, रेशम उद्योग के समग्र विकास हेतु कोसापूर्व एवं कोसोत्तर संबंधी गतिविधियों के अनुसंधान व विकास कार्यों में संलग्न होने के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा संबंधी अपेक्षाओं के प्रति समर्पित भावना से कार्यान्वियन में लगा हुआ है। राजभाषा कार्यान्वियन में गति लाने के उद्देश्य से बोर्ड मुख्यालय, बेंगलूरु तथा इससे संबद्ध प्रमुख संस्थानों/कार्यालयों में हिन्दी के पद सृजित किए गए हैं। केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सभी कार्यालयों में राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम परिचालित करने के साथ-ही-साथ प्रभावी कार्यान्वियन की दृष्टि से केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने राजभाषा लक्ष्यों को और आगे बढ़ाते हुए अपने स्वयं की एक कार्य योजना तैयार की है। सभी कार्यालयों द्वारा लब्ध लक्ष्यों को मान्यता प्रदान करते हुए कई एक मंचों से केरेबो संगठनों को पुरस्कृत किया जाता रहा है। केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव राजभाषा कार्यान्वियन में स्वयं रुचि रखते हैं तथा प्रत्येक तिमाही में केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सभी संगठनों में राजभाषा संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करते हैं। संवैधानिक अपेक्षाओं के अनुरूप राजभाषा कार्यक्रमों जैसे हिन्दी दिवस/पखवाड़ा, हिन्दी कार्यशाला, अभिमुखी कार्यक्रम आदि का समयानुसार आयोजन किया जाता है। राजभाषा हिन्दी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों द्वारा व्यवहारिक धरातल पर सतत ठोस प्रयास जारी है।